53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.3°c अधिकतम 28.4°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:41, सूर्यास्त - 7:08 | वर्ष : 53/अंक : 215 | मंगलवार, 05 अगस्त 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा राज में सड़के धंस रही हैं, पुल गिर रहे हैं, भाजपा सरकार नहीं; भ्रष्टाचार का सहकार है : अखिलेश यादव



विपक्ष के तौर पर तो बयान अच्छा है... सवाल ये है कि कितना सच्चा है?....

# बड़ा फैसला : अब बिना परमीशन नहीं उड़ सकेंगे जनपद में ड्रोन कैमरे

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार ड्रोन को लेकर अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हालांकि यह एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है कि नदियों की मैपिंग का कार्य कराया जा रहा है, इस कारण

**अफवाह फैलाने वालों की होगी गिरफ्तारी**

मुजफ्फरनगर सहित शामली व सहारनपुर में भी उक्त कार्य रात्रि में ड्रोन उड़ते देखे गए हैं, मगर इन्हीं का लाभ उठाकर असामाजिक तत्व कबूतरों के पैरों में लाइट लगाकर अलग-अलग क्षेत्रों में दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों पर त्वरित कार्यवाही होने के साथ-साथ उन्हें माकूल उपचार भी दिया जा रहा है और जेल भी भेजा जा रहा



है। मगर आज ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का ऐलान करने के साथ-साथ प्रशासन ने बताया कि अब तक अफवाह फैलाने वाले ऐसे 20 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, मगर अब कोई धींगामुश्ती नहीं चलेगी और चाहे घर में विवाह समारोह ही क्यों न हो बिना प्रशासन की परमीशन के ड्रोन नहीं उड़ सकेगा। प्रशासन की यह सख्ती उचित ठहराई जा रही है, क्योंकि असामाजिक तत्व इसकी आड़ में कब क्या कर डालें, जनपद में यह भरोसा वास्तव में रहा ही नहीं, क्योंकि कांवड़ यात्रा के दौरान भी अकेले ककरौली क्षेत्र से डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने पाकिस्तान तक की वीडियो डालकर क्षेत्र के माहौल को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया था। ऐसे में एहतियात बरतना जरूरी है। आपको बता दें कि सिर्फ यही नहीं चरथावल थाना क्षेत्र में भी अफवाह के चलते एक सेना के जवान और उसके चचेरे भाई को ग्रामीणों ने बदमाश समझकर पीट दिया था। यह मामला भी अफवाह के चलते ही घटित हुआ था। सोमवार को स्वयं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार के द्वारा संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान उक्त सभी जानकारी दी गयी और कहा गया कि मंसूरपुर, चरथावल, खतौली, जानसठ व छपार थाना क्षेत्र में लगातार चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ वार्ता करने के साथ साथ डायल 112 द्वारा लाउड स्पीकर लगाकर एनांउसमेंट कराया जा रहा है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, साथ ही ऐसे लोगों को चिह्नित कर बताएं कि जो अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर ड्रोन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने आज बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की सख्ती के साथ आदेश जारी किये।

# पुलिस को बड़ी सफलता : बड़े जखीरे सहित हथियारों के सौदागर गिरफ्तार

**भारी मात्रा में अवैध, कारतूस, नगदी और पिस्टल बरामद**

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। आज मुजफ्फरनगर पुलिस बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना भोपा पुलिस द्वारा हथियार तस्करी करने वाले 14 शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के मुंगेर से अवैध हथियार लाकर यूपी व आसपास के जनपदों में सप्लाई कर रहे थे। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आरोपियों ने बड़े पैमाने पर अवैध हथियार सप्लाई करने की योजना तैयार की थी। पुलिस ने आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध, कारतूस, नगदी व वाहन बरामद की है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों का चालान कर दिया है। पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रैस वार्ता करते हुए बताया कि भोपा थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने गुप्त की सूचना के आधार पर भोपा गंगनहर क्षेत्र में चैकिंग के दौरान अवैध हथियारों की तस्करी करने आए तस्करों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस ने घेराबंदी में 14 अवैध हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग भी की थी। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, नगदी व वाहन बरामद किए है। गैंग का लीडर फिरोज अंसारी बिहार के मुंगेर से अवैध पिस्टल व रिवाल्वर लाकर अपने गैंग के साथियों को देता था। गैंग के साथी अवैध हथियारों को यूपी के विभिन्न जनपदो व आसपास के राज्यों में सप्लाई कर रहे थे। यह गैंग आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भारी खेप अवैध हथियारों की सप्लाई करने की फिराक में था।





**गैंग से यह हुई बरामदगी**

जानकारी के अनुसार 5 अवैध पिस्टल (32 बोर), 1 पिस्टल (9 मिमी), 1 रिवॉल्वर, 5 तमंचे, 1 मस्कट, 1 (12) बोर बंदूक, 30 जिंदा व 2 खोखा कारतूस (.32 बोर), 1 बिना नंबर की महिद्रा थार, 3 मोटरसाइकिल व 46 हजार रुपए नगद बरामद किए है।

**यह हुए गिरफ्तार**

- फिरोज अंसारी उर्फ बन्टी निवासी गांव पटौली थाना भोपा
- आशु उर्फ विक्रान्त निवासी रहमतपुर थाना भोपा
- अमरीश कुमार निवासी नई बस्ती कस्बा भोकरहेडी भोपा
- हार्दिक कुमार निवासी नेहरू चौक, भोकरहेडी थाना भोपा
- केशव निवासी भूमिया मन्दिर के सामने वाली गली भोपा
- अक्षय कुमार निवासी सुभाष चौक, भोकरहेडी, भोपा
- अमन निवासी ग्राम बहुपुरा थाना भोपा
- मोहित कुमार निवासी मोहल्ला शक्तिनगर थाना नई मण्डी
- रईसुद्दीन उर्फ भूरा निवासी ग्राम बेलडा थाना भोपा
- गुरूमन सिंह निवासी जौली थाना भोपा
- सलमान निवासी जौली, थाना भोपा
- संजीव कुमार निवासी मुनीम कालोनी थाना नई मण्डी
- हर्ष कश्यप निवासी रामनगर थाना गंगनहर, रूडकी
- मोनू उर्फ हिमान्शु निवासी ग्राम छछरौली, थाना भोपा

**बिहार से लाकर कई जनपदों में करते थे हथियार सप्लाई**

मुजफ्फरनगर। अवैध हथियार तस्करों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे बिहार के मुंगेर व अन्य स्थानों से अवैध हथियार लाकर मुजफ्फरनगर, आसपास के जनपदों व प्रदेशों में सप्लाई करते थे। यह काम गैंगर लीडर फिरोज अंसारी के नेतृत्व में एक संगठित गिरोह के रूप में किया जाता था। हथियारों की डीलिंग एडवांस भुगतान के आधार पर होती थी और ग्राहक की मांग पर अवैध हथियार सप्लाई किए जाते हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की गहनता से जांच कर रही है। और यह भी पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से मंगाए गए और कहां-कहां सप्लाई किए गए। साथ ही इनके अन्य साथियों और ग्राहकों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसपी ने गिरफ्तार करन वाली टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

# रिवाईविंग इस्लाम ग्रुप का पदार्फाश, भारत विरोधी षड्यंत्र रचने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, एटीएस ने की कार्रवाई

लखनऊ 04 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपराधिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली रिवाइविंग इस्लाम नाम से एक



व्हाट्सएप ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर



मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा ए हिंद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

**उच्च शिक्षा पर भी जिहाद की जाहिलता है भारी**

मुजफ्फरनगर। इस मामले में एक गिरफ्तारी डाक्टर उसामा नाज को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में सोचने वाली बात है कि उसामा नाज ने डाक्टरी की पढ़ाई की है। फिर भी हैरानी वाली बात है कि इतनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर भी इन लोगों की मानसिकता पर जिहाद की जाहिलता भरी पड़ी है। ऐसे आप समझ सकते हैं कि इन लोगों की मानसिकता को अच्छी शिक्षा भी नहीं सुधार सकती है।

## करंट लाने से 45 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली के मोहल्ला लद्धावाला में रहने वाला अनीस (45) शाम के समय अपने घर में बिजली सही कर रहा था। इसी बीच करंट लगने से वह झुलस और बेहोश हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कानूनी कार्रवाई कराए शव को घर ले गए। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। युवक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

## कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने 3 दिन पहले ही उठाया था नंगी तारों का मुद्दा, कपड़ा व्यापारी की मौत

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। पुरकाजी विधायक व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार हाल ही में अधिकारियों के साथ हुई विकास भवन की बैठक में नंगी व जर्जर तारों का मुद्दा जोर शोर से उठाया था, जिस पर सभी ने एक स्वर में कहा था कि वास्तव में यह मुद्दा गंभीर है और बरसात के दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में सोमवार को दिन निकलते ही एक दुखद घटना सामने आई। दरअसल पुरकाजी के लोकेश गोयल उर्फ राजू जो कि कपड़े का व्यापार करता था। सुबह सावन के अंतिम सोमवार के चलते कपड़ा व्यापारी राजू मंदिर जा रहा था, तभी मौहल्ले में ही एक तार टूटकर नीचे लटका हुआ था। कई बार शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। विभागीय लापरवाही के चलते आज लोकेश गोयल उर्फ राजू इस तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही सुबह 7 बजे कपड़ा व्यापारी की मौत हो गयी। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में हा-हाकार मच गया और सभी ने एक स्वर में विद्युत विभाग को कोसा। मगर बड़ी बात यह है कि विभाग पर किस बात का असर होना था, इनकी लापरवाही के चलते किसी के घर का चिराग बुझ गया। इस मामले का संज्ञान हाथोंहाथ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने लिया और विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि जल्द ही उनकी विधानसभा में ऐसे लटके हुए तार ठीक न हुए तो वे शासन को विद्युत विभाग पर बड़ी कार्यवाही के लिए लिखेंगे।

# मुख्यमंत्री ने किया मुजफ्फरनगर को भी प्रदेश के 17 नगर निगमों की तरह स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का वादा

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पश्चिम क्षेत्र के जनपदों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। 2027 से पहले इसे बड़ी तैयारी भी माना जा रहा है, चूंकि 2022 में पश्चिम क्षेत्रों से ही मुख्यमंत्री की कई सीटें भाजपा प्रत्याशी हार गए थे। अकेले मुजफ्फरनगर विधानसभा से ही सदर विधानसभा सीट पर ही विजय प्राप्त हुई थी। अन्य पांच सीटों पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा था। ऐसे में लगातार विकास की बात के साथ-साथ अब सौगात भी लगातार दी जा रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा मुजफ्फरनगर जनपद के पौराणिक तीर्थ स्थल शुकतीर्थ के लिए भी 13.5 करोड़ रुपये की सौगात दी गयी। उसके बाद आज सोमवार को मुख्यमंत्री सहारनपुर पहुंचे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग, पर्यटन विभाग और कानून व्यवस्था की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा सौंपे गए प्रस्ताव पर



सहमति भी जताई और घोषणा भी की। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को प्रस्ताव दिया था कि मुजफ्फरनगर सिटी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाये, जिसमें जल निकासी व्यवस्था, एसटीपी प्लांट, नालों का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, विद्युत तारों को अंडरग्राउंड करने जैसे कार्य सम्मिलित हैं। वहीं एक भव्य हॉल और म्यूजियम का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसी के साथ-साथ टूटी सड़कों की मरम्मत, काली नदी पर नया पुल, शहर से बाहर ट्रांसपोर्टनगर की स्थापना जैसे कार्य भी इसी परियोजना में शामिल हैं। मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मानें तो यह प्रोजेक्ट लगभग 400-500 करोड़ का हो सकता है, जिसे पूरा होने में लगभग एक से दो वर्ष का समय लगेगा। फिलहाल मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त कर दी है एवं जल्द ही स्मार्ट सिटी का लिखित में आदेश जारी भी किया जायेगा।

## दम्पति समेत युवक की हत्या के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। 13 दिसम्बर 2011 के मंसूरपुर गांव के मनव्वरपुर मामले में डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी अरुण कुमार चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सुधीर व उसकी पत्नी गीता, जगवीर व महेन्द्र, अतुल उर्फ पिंकल, निवासीगण मनव्वरपुर ने वादी धूमसिंह के मकान में लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया था। हमले में धूमसिंह, उसकी पत्नी सुनहरी व बेटा रणधीर घायल हो गए थे। बताया गया है कि आरोपियों ने किसी पुरानी रंजिश के चलते परिवार पर हमला किया था, इसके बाद उक्त सभी आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गए, जहां पुलिस को सूचना मिलने के बाद घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया था, जहां गंभीर रूप से रणधीर को उपचार के लिए मेरठ रैफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान मेरठ में ही रणधीर की मौत हो गयी। उक्त मामले में मन्सूरपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को एडीजीसी अरुण कुमार जावला ने बताया कि मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट नम्बर-2 की न्यायधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दम्पति सुधीर व उसकी पत्नी गीता सहित अतुल, महेन्द्र चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। आपको बता दें कि पांचवे आरोपी जगवीर की मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के समय में ही मौत हो गयी है।

# 32 हजार रुपये लेकर 14828 का बिल देने वाले जेई एक सप्ताह के अंदर होंगे सस्पेंड ?

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। जैसा कि लगातार भ्रष्टाचार की पोल मुजफ्फरनगर जनपद में खुलती नजर आ रही है, उसके बाद भी सरकारी अधिकारियों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। सोमवार के अंक में मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा भ्रष्टाचार का चौथा खुलासा किया गया, जिसमें सुजडू चुंगी जेई ज्ञानी प्रसाद द्वारा 3 किलोवाट के कनेक्शन के लिए किस तरह से पीड़ित दीपक

**रिश्वत पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर लेने वाले जेई ज्ञानी प्रसाद को विभाग ने थमाया नोटिस**

कुमार से 32 हजार रुपये लिए गए, उक्त पूरे मामले की जानकारी साक्ष्यों सहित दी गयी। इसके बाद मंगलवार देर शाम विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत लेने के आरोपी ज्ञानी प्रसाद को स्पष्टीकरण का नोटिस दे दिया गया है। यदि एक सप्ताह के अंदर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, तो उन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अब देखना यह होगा कि कौन से दिन तक उक्त मामले में अधिकारियों की जांच पूरी होती है और एक सप्ताह के अंदर उक्त मामले में कार्यवाही होती है अथवा नहीं?

## भ्रष्टाचारियों को सिर्फ सस्पेंड ही नहीं जेल भी भेजा जाना चाहिए

मुजफ्फरनगर। बुलेटिन द्वारा किए गए चौथे भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद व्यापार जगत भी लगातार एक ही मांग करता दिख रहा है कि जब स्पष्ट रूप से यह बात पता चल चुकी है कि जिले में खुलकर भ्रष्टाचार हो रहे हैं और उनके साक्ष्य भी मिल रहे हैं, तो फिर कार्यवाही में झोल क्यों? सिर्फ सस्पेंड करके भ्रष्टाचारियों को बढ़ाया दिया जा रहा है। ऐसे कर्मचारियों को सीधा जेल का प्रावधान होना चाहिए, तभी इस देश से भ्रष्टाचार रुक सकेगा। इस देश में भ्रष्टाचार का कारण ही मात्र कानून में लचीलापन होना है। इसी का फायदा उठाकर अधिकारी अथवा कर्मचारी यही



सोचकर आए दिन भ्रष्टाचार कर रहा है कि आखिर उसका कोई उखाड़ क्या लेगा, ज्यादा से ज्यादा सस्पेंड ही तो हो जाएगा। सस्पेंड के कुछ दिन बाद बहाली मिल जाएगी और फिर वही ढर्रा चल जाएगा। बस इन्हीं कारणों से यह देश भ्रष्टाचार के गर्क में जा रहा है।

# रोडवेज बहनों की सेवा के लिये है तैयार, 8 से 10 अगस्त तक रहेगी बस सेवा फ्री

**रक्षाबंधन पर 40 से 45 बसें रखी गई स्टैंडबाई पर, बहनों के लिये रहेगी फ्री सेवा**

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु)। रक्षाबंधन 9 अगस्त को है। ऐसे में रोडवेज के लिये बहुत जरूरी होता है कि बहनों को हर तरह की सुविधा दी जाए। आज बुलेटिन की टीम ने रोडवेज पर जाकर, जाना कि रोडवेज किस तरह से रक्षाबंधन की तैयारियों में जुटा है। साथ ही यह भी जानने की कोशिश की कि बहनों को रोडवेज की ओर से क्या-क्या सुविधाएं दी जाएंगी। बुलेटिन की टीम को रोडवेज के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी वैसे आदेश अभी सरकार की ओर से आए नहीं हैं, लेकिन रक्षाबंधन पर आदेश आते जरूर हैं, इसलिये हमने अपनी तैयारी पहले से ही तैयारी शुरू कर ली है। हमारे पास डिपो में 184 बसें हैं, जिसमें से 114 बसें नई हैं। 40 से 45 बसें हमने स्टैंडबाई पर रखी हैं, ताकि कोई ऐसा आदेश आए तो रक्षाबंधन पर महिलाओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। हमने सभी डिपो के साथ कोर्डिनेट स्थापित कर रखा है, ताकि अगर ज्यादा बसों की जरूरत पड़े, तो हम उसके लिये भी तैयार रहें। साथ ही एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि अगर 3 दिन की सुविधा के आदेश होंगे, तो 8 अगस्त से 10 अगस्त तक महिलाओं के लिये रोडवेज बस सेवा बिल्कुल फ्री रहेगी और एक दिन के लिये ही आदेश आते हैं, तो 9 अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन बस सेवा बिल्कुल फ्री रहेगी। हमारी हर तरह से कोशिश रहती है कि रक्षाबंधन पर ओवरलोडिंग का पूरा ध्यान रखा जाये। अगर किसी रूट पर बसों की संख्या कम है और अगर यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, तो हम दूसरी बस को भेज देते हैं, ताकि रक्षाबंधन के दौरान किसी तरह की किसी कोई दिक्कत ना हो।




**सीएम योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा**

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में अपने संबोधन में घोषणा की कि रक्षाबंधन पर 8 से 10 अगस्त तक महिलाओं के लिये फ्री बस सेवा रहेगी। इस दौरान यह भी आदेश जारी किये गये हैं कि कहीं से भी किसी तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिये। अगर कोई शिकायत आती है, तो सख्त कार्रवाई होगी।

# झारखण्ड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन : दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का दिल्ली में निधन हो गया। वे 81 साल के थे। दिशोम गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे बीते एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है।



जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज सोमवार शाम 5-6 बजे तक रांची लाया जाएगा।

***राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि***

*नई दिल्ली। राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, मीसा भारती, मनोज झा और आरजेडी के कई नेताओं ने भी अस्पताल में परिवार से मुलाकात की। शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है।*

## इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

खतौली, 4 अगस्त (बु.)। गांव सठेड़ी निवासी 45 वर्षीय प्रवीण कुमार नोएडा में एक कम्पनी में इंजीनियर है। रविवार को प्रवीण का अपनी महिला दोस्त के साथ कोई बड़ा विवाद हुआ और क्रोध में आकर प्रवीण होश खो बैठा और महिला मित्र को आखिरी बार देखने की बात कहते हुए घर की ओर निकल गया। प्रेम की दीवानगी में प्रवीण की महिला मित्र उसके पहुंचने के तीन घंटे बाद ही रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी में पहुंच गयी मगर रात 1 बजे प्रवीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। स्वयं उसकी मित्र ही एम्बूलेंस से प्रवीण को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक प्रवीण की महिला मित्र से पूछताछ की, तो महिला ने बताया कि रात्रि के समय दोनों छत से उतरकर कमरे में सोने के लिए पहुंचे, अचानक ही चलते-चलते पंखा बंद हो गया और पंखा ठीक करने के लिए जैसे ही प्रवीण स्टूल पर चढ़ा, तो उसका पैर फिसल गया। महिला मित्र के अनुसार जैसे ही प्रवीण गिरा, तो वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल लाने तक उसकी मौत हो गयी, जबकि प्रवीण के परिजनों का आरोप है कि उसकी महिला मित्र ने ही उसकी हत्या की है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया और पुलिस ने महिला मित्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी यह रहस्य खुलना बाकी है कि प्रवीण वास्तव में ही स्टूल से गिरा था या महिला मित्र द्वारा ही किसी व्यक्तिगत विवाद को लेकर उसकी हत्या की गयी है। आपराधिक दृष्टिकोण से देखें तो उक्त मामले में कुछ भी कह पाना मुश्किल है, क्योंकि महिला यदि प्रवीण की हत्या करती तो तुरन्त मौके से नौ दो ग्यारह हो जाती, उसे लेकर जिला चिकित्सालय न पहुंचती। अगले कुछ दिनों में इस बात से पर्दा हट जाएगा।

# सीएम योगी की सहारनपुर मंडल समीक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर दिया जोर

सहारनपुर, 4 अगस्त (एजेंसी)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर मंडल के तीन जिलों मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और शामली के जनप्रतिनिधियों के साथ सर्किट हाउस, सहारनपुर में एक विशेष समीक्षा बैठक की। बैठक मंडलवार जनप्रतिनिधि संवाद श्रृंखला का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य प्रदेश के चतुर्दिक विकास को गति देना है। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रत्येक विधायक से उनके क्षेत्र की समस्याओं और विकास योजनाओं पर व्यक्तिगत रूप से विचार-विमर्श किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहारनपुर मंडल का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह क्षेत्र 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण का आधार बनेगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के गंगोह मार्ग पर स्थित बाबा जाहरवीर गोगा म्हाड़ी मंदिर में दर्शन किए और वहां नवनिर्मित अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। योगी सरकार ने इस प्राचीन तालाब का सौंदर्यीकरण कर इसे अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया है। उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।



**सीएम योगी ने विपक्षियों पर किया तीखा प्रहार**

सहारनपुर। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है।

## सुप्रीम कोर्ट की राहुल गांधी को लताड़, कहा-कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा- आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा- जब सीमा पार संघर्ष चल रहा है, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोले। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। कहा था-लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था।



## सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई को नहीं मिला सबूत, दिल्ली की अदालत ने बंद किया केस

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जैन और अन्य पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई के एक मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट सोमवार मंजूर की। कोर्ट ने कहा कि उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों में साक्ष्य के अभाव में प्राथमिकी बंद करने लिए अंतिम रिपोर्ट स्वीकार की जाती है। कोर्ट ने कहा कई वर्षों की जांच के बावजूद किसी के भी विरुद्ध पीओसी अधिनियम 1988 या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने वाला कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। कोर्ट ने कहा आपराधिक षडयंत्र का संकेत देने के लिए भी कोई भी सामग्री उपलब्ध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत आरोप और तथ्यात्मक पृष्ठभूमि आगे की जांच या कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। कोर्ट ने कहा किसी पर आरोप लगाने के लिए केवल संदेह ही पर्याप्त नहीं है, आगे बढ़ने के लिए कम से कम मजबूत सबूत आवश्यक है। यह मामला नियमों के विरुद्ध पीडब्ल्यूडी में प्रोफेशनल्स की भर्ती में कथित अनियमितता का था।

## एक अरब वर्ग फुट को पार कर जायेगा भारत का कार्यालय क्षेत्रफल : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, 04 अगस्त (वार्ता)** भारत 99 करोड़ वर्ग फुट के आँकड़े के साथ कार्यालय क्षेत्रफल के मामले में दुनिया का चौथा बड़ा देश बन चुका है और इस साल की तीसरी तिमाही तक एक अरब वर्ग फुट के आँकड़े को पार कर जायेगा। नाइट फ्रैंक की विशेष रिपोर्ट "ए बिलियन स्क्वेयर फीट एंड काउंटिंग–इंडिया ऑफिस सप्लाई ग्रोथ स्टोरी" के अनुसार, देश का कुल कार्यालय क्षेत्रफल तीसरी तिमाही तक एक अरब वर्ग फुट का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने के लिए तैयार है। यह भारत के कार्यालय रियल एस्टेट बाजार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा, जो देश को वैश्विक गेटवे बाजारों के और करीब ले जाएगा। साल 2005 में जहाँ कार्यालय क्षेत्रफल 20 करोड़ वर्ग फुट से भी कम था, वहीं 2025 तक यह लगभग एक अरब वर्ग फुट तक पहुँच गया है। पिछले 20 वर्षों में कार्यालय आपूर्ति 8.6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष आठ शहरों में कुल कार्यालय क्षेत्रफल 2025 की पहली छमाही तक 99.3 करोड़ वर्ग फुट रहा। बेंगलुरु 22.9 करोड़ वर्ग फुट (23 प्रतिशत) के साथ सबसे आगे है, उसके बाद एनसीआर में 19.9 करोड़ वर्ग फुट (20 प्रतिशत) और मुंबई में 16.9 करोड़ वर्ग फुट (17 प्रतिशत) है।

## सोमवार की रात मुख्तार अंसारी का छोटा बेटा लखनऊ से गिरफ्तार

**गाजीपुर, 4 अगस्त (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाजीपुर पुलिस रविवार देर रात लखनऊ पहुंची। उमर अंसारी की लोकेशन दारुलशफा स्थित विधायक निवास में मिली। पुलिस ने छापा मारकर उमर को अरेस्ट किया। उमर अंसारी जिस आवास में थे, वह उनके बड़े भाई और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से विधायक अब्बास अंसारी का है। दारुलशफा में प्रदेश के कई पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों का आवास है। आरोप है कि उमर ने फरार चल रही अपनी मां और एक लाख की इनामी अफशां अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर कर अदालत में याचिका दाखिल की थी, ताकि गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई संपत्ति को छुड़ाया जा सके। इस कार्रवाई के बाद उमर अंसारी के परिवार और समर्थकों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। माना जा रहा है कि सोमवार को पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उमर की गिरफ्तारी और केस से जुड़ी अहम जानकारियां सार्वजनिक करेगी।



# 45 जिलों में बारिश-बाढ़, प्रयागराज-काशी में घर डूबे, कानपुर में सड़कें तालाब बनीं

**प्रयागराज, 4 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी में लगातार 3 दिन से हो रही बारिश से हालात खराब हो चुके हैं। सोमवार सुबह से 45 जिलों में बारिश हो रही है। लखनऊ समेत 22 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। प्रदेश में 24 घंटे में बारिश से जुड़े हादसों में 12 लोगों की मौत हुई है। यूपी में 24 घंटे में 73 जिलों में औसतन 36.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। प्रयागराज, वाराणसी समेत 17 जिलों के 402 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लखनऊ में लगातार 50 घंटे से बारिश हो रही है। पॉश कॉलोनियों में सीवर का पानी घुस गया है। सामान तैरता हुआ नजर आया। वाराणसी में गंगा का जलस्तर आधा सेमी हर घंटे बढ़ रहा है। खतरे के निशान से 79 सेमी ऊपर गंगा बह रही है। सोमवार दोपहर 12 बजे गंगा का जलस्तर 72.05 मीटर रिकॉर्ड किया गया। यहां खतरे का निशान 71.26 मीटर है। अस्सी घाट की सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया है। मर्णिकर्णिका घाट भी डूब गया है। वरुणा में उफान के चलते 30 हजार लोग प्रभावित हैं। नावों से सुरक्षित जगह शिफ्ट किया जा रहा है। प्रयागराज में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही हैं। हालात को देखते हुए स्कूल बंद हैं। गंगा-यमुना खतरे के निशान से करीब 1 मीटर ऊपर बह रही हैं। यहां कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया है।





## कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर , 04 अगस्त (वार्ता)** सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक गुफा के अंदर आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 12 चीनी ग्रेनेड समेत हथियारों तथा गोला-बारुद का बड़ा जखीरा बरामद किया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक कुपवाड़ा के कलारूस इलाके में सेना और पुलिस के तीन दिनों तक चले संयुक्त अभियान के बाद इस ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ। अभियान में सुरक्षा बलों ने एक पथरीली गुफा का पता लगाया और वहां से 12 चीनी ग्रेनेड, गोला-बारुद से लैस चीनी पिस्तौल, केनवुड रेडियो सेट, उर्दू आईईडी मैनुअल और छड़ें बरामद की। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के अनुसार आतंकवादियों को उनके पाकिस्तानी आकाओं ने आने वाले दिनों में पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए इनका इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था। सुरक्षा बलों के इस अभियान ने कश्मीर घाटी में शांति भंग करने की आतंकवादियों की नापाक साजिशों को नाकाम कर दिया है।

## दिल्ली में कांग्रेस सांसद की चेन स्नेचिंग का मामला आया सामने, डीएमके सांसद के साथ मॉर्निंग वॉक कर रही थीं

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली में आम जनता की तो क्या कहें अब सांसदों के साथ भी चेन छिनने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडू भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह से सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में उन्होंने कहा, 'मेरी चार से ज्यादा सॉवरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।' सुधा तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से कांग्रेस की सांसद हैं। अभी संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं। चाणक्यपुरी में जहां उनसे चेन छीनी गई, वह इलाका दिल्ली की सबसे सुरक्षित जगहों में से एक माना जाता है। यहां कई दूतावास और राज्य सरकारों के आधिकारिक आवास हैं। सांसद सुधा ने बताया कि इस दौरान उनकी गर्दन पर चोट आई और कपड़े भी फट गए। किसी तरह गिरने से बचकर हम दोनों मदद के लिए चिल्लाए। हमें दिल्ली पुलिस का एक गश्ती वाहन दिखाई दिया, जिससे हमने शिकायत की।'



## हरिद्वार के निजी अस्पताल में दो प्रसूताओं की मौत के बाद अस्पताल सीज

**हरिद्वार, 04 अगस्त (वार्ता)** उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद अंतर्गत, बहादराबाद क्षेत्र स्थित मां गंगा मैटरनिटी एंड आई केयर अस्पताल में रविवार को प्रसव होने के बाद दो प्रसूताओं की मौत हो गई। इसके बाद, रविवार और सोमवार दोनों दिन पीड़ित परिवारों के हंगामे के बाद सोमवार को जिला प्रशासन ने मुकदमा दर्ज करने के बाद, अस्पताल को सीज कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार टीनू पुत्र नाथीराम, निवासी ननोता, जिला सहारनपुर, हाल निवासी डेंसों चौक सलेमपुर, थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार ने अपनी गर्भवती पत्नी मीनाक्षी (उम्र-30 वर्ष) को उक्त अस्पताल में रविवार सुबह 10 बजे प्रसव को भर्ती कराया। मध्याह्न लगभग 12 बजे डिलीवरी हुई। जिस पर डॉक्टरों ने जच्चा व बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया।

## रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो और बढ़ायेंगे आयात शुल्क, भारत को ट्रंप की धमकी

**वाशिंगटन, 04 अगस्त (वार्ता)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को धमकी दी है कि यदि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया तो वह भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क और बढ़ा देंगे। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत को इस बात की चिंता नहीं है कि यूक्रेन में रूस कितने लोगों को मार रहा है। इस कारण, "मैं भारत द्वारा अमेरिका को दिये जाने वाले आयात शुल्क में बड़ी बढ़ोतरी करूँगा।" अमेरिकी राष्ट्रपति ने आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है, बल्कि उसमें से ज्यादातर तेल खुले बाजार में बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 01 अगस्त से दुनिया के कई देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस संबंध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया गया है। साथ ही श्री ट्रंप ने घोषणा की थी कि रूस से तेल खरीदने के लिए दंड के रूप में भारत पर और शुल्क लगाये जायेंगे, हालाँकि उक्त आदेश में इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया था।




# श्रावण माह के चौथे सोमवार को लगी मंदिरों में भक्तों की भीड़

## अंतिम सोमवार को पूजन के साथ किया बाबा को जलाभिषेक

**मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)।** श्रावण माह के चौथे एवं अंतिम सोमवार को नगर के हृदय स्थल शिवचौक समेत अधिकांश मंदिरों में शिवभक्तों पे भक्तिभाव के बीच लंबी कतारों में लगकर बाबा का पूजन व जलाभिषेक किया। इस दौरान घरों से मंदिरों तक आस्था और विश्वास के बीच भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हुए शिवभक्तों ने घर-परिवार की खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए बेल पत्र, भांग, धतूरा, फल-फूल व मिष्ठान्न आदि अर्पित करते हुए पूजा की। वहीं शिवचौक पर इस बीच सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें लगी रही। नगरीय क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों और गांव-देहात व कस्बों में शिवभक्तों के पूजन एवं जल चढ़ाने का क्रम जारी रहा।

श्रावण माह के चौथे सोमवार को नगर मुख्यालय से गांव देहात के साथ विभिन्न कस्बों में हर ओर बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच पूजन व जलाभिषेक के बीच भोले की भक्ति का माहौल दिखाई दिया। शिवचौक के साथ अन्य शिवालयों एवं मंदिरों में भी बाबा भोले की पूजा-अर्चना को तमाम शिवभक्तों की भीड़ सुबह से कतारों में लगी हुई देखने को मिली। इस दौरान शिवचौक समेत अन्य तमाम मंदिरों में बम-बम के जयघोष के बीच पूजा-अर्चना की गई। सोमवार को शिवचौक के अलावा नगर के गांधी कॉलोनी स्थित अनन्तेश्वर महादेव मंदिर, अंसारी रोड के भौरो वाला मंदिर, नदी घाट स्थित आत्मबोध योग मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, शेरनगर स्थित शिव मंदिर, नई मंडी स्थित श्री गणपतिधाम शिव मंदिर प्रांगण के साथ मौ. कृष्णापुरी, शिवपुरी, आनन्दपुरी, रामपुरी, जनकपुरी, कच्ची सड़क, इन्दिरा कॉलोनी, जसवंतपुरी, केवलपुरी, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, नई मंडी, सुभाष नगर, गांधी कॉलोनी, नुमाईश कैंप समेत शहर के तमाम शिवालयों व मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस बीच भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए बाबा को फल, फूल, बेल पत्र, भांग व धतूरा आदि अर्पित करते हुए रोली चंदन का तिलक लगाने के साथ धूप-दीप से आरती की।



## नहीं हो सकी रामपुर तिराहा कांड मामले में सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सोमवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट में मामले के 11 आरोपी कोर्ट में पेश हुए थे। आपको बता दें कि पिछली तारीख पर एक गवाह ने तीन आरोपियों की शिनाख्त की थी। अब मामले की सुनवाई के लिए 8 अगस्त तय की गयी है। जैसा कि सर्वविदित है कि 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोकने के साथ-साथ उन पर फायरिंग भी की गयी थी, जिसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, इतना ही नहीं महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी खुलकर पुलिस पर लगे थे। इस मामले में सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज किये गए थे। आपको बता दें कि उस समय प्रदेश में सपा का शासन था। और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव थे। सोमवार को उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि सोमवार को कोर्ट में न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी, जबकि कोर्ट में आज 11 आरोपी पेश हुए थे, जिसमें पीएसी व पुलिस के संजीव कुमार शर्मा, विरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र सिंह, कुशलपाल, राधा मोहन द्विवेदी, नरेश त्यागी, सुरेन्द्र सिंह, प्रबल प्रताप, विजयपाल मौजूद थे। जबकि नैनीताल हाइकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश चौहान भी कोर्ट में पहुंचे, मगर कोर्ट ने सुनवाई न होने के कारण 8 अगस्त की तिथि नियत कर दी गयी।




## छांगुर बाबा का करीबी नवीन ईडी की चार दिन की कस्टडी रिमांड पर

**लखनऊ 04 अगस्त (वार्ता)** विदेशी फंडिंग के जरिये अवैध रूप से धर्मांतरण करने के मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के करीबी नवीन रोहरा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायाधीश ने चार दिन के लिए कस्टडी डिमांड पर देने का आदेश दिया है। नवीन रोहरा से ईडी सोमवार शाम चार बजे से आठ अगस्त की शाम तक पूछताछ कर सकेगी। अवैध धर्मांतरण किए जाने को लेकर गत वर्ष 16 नवंबर 2024 को स्थानीय गोमती नगर थाने में एटीएस द्वारा जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, उसके करीबी नवीन रोहरा तथा नीतू उर्फ नसरीन व अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त सभी आरोपीगण विदेशी फंडिंग की मदद से अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कर रहे हैं। आरोप है कि यह काम चांद औलिया दरगाह बलरामपुर में किया जाता था। जहां पर मुख्य आरोपी छांगुर अक्सर बड़े बड़े आयोजन करवाया करता था। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया कि गत 17 जुलाई को जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, तथा आरोपी नवीन रोहरा, उसके पुत्र महबूब तथा न्यायालय कर्मी राजेश कुमार उपाध्याय सहित कुछ अन्य आरोपियों के कुल 15 के ठिकानों पर तलाशी ली थी। जिसमें भारी मात्रा में अपराध द्वारा अर्जित संपत्तियों की जानकारी मिली। ईडी की ओर से पूछताछ के लिए दी गई रिमांड अर्जी में कहा गया कि जांच के दौरान ये तथ्य सामने आए है कि आरोपी नवीन मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं का दोषी है। जिसके लिए आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जाना आवश्यक है। पूछताछ के दौरान यह भी पता करना है कि उसके द्वारा कहां कहां अवैध संपत्तियां बनाई गई है, तथा इस मामले में कौन-कौन से अन्य व्यक्ति उसके साथ शामिल है। इसके अलावा आरोपी व उनके सहयोगियों का किन-किन बैंक खातों द्वारा लेनदेन होता था। न्यायालय के समक्ष छांगुर के अधिवक्ता अजीजुल्लाह खान द्वारा उसका पक्ष रखते हुए उसके स्वास्थ्य परीक्षण कराने की मांग की गई।



## धीरेंद्र शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले प्रोफेसर पर एफआईआर, पीएम मोदी पर भी की थी टिप्पणी

**नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले यूपी के प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर पोस्ट की थी। इसमें लिखा-''नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित छोटा भाई धीरेंद्र शास्त्री धर्म की आड़ में महिला तस्करी कर रहा है।'' छतरपुर के बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम जन समिति के धीरेंद्र कुमार गौर ने रविवार देर रात 12 बजे धाम पर शिकायत की थी। प्रोफेसर के खिलाफ धारा-353(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया है। इस धारा के तहत यदि कोई ऐसा बयान देता है, जिससे किसी की भावनाएं आहत होती हैं या घृणा या दुश्मनी पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से झूठी जानकारी, अफवाह या डराने वाली खबरें फैलाने से के चलते ये धारा लगाई जाती है। इसमें 3 साल तक की सजा का प्रावधान है। अभी इन्वेस्टिगेशन चलेगी। केस दर्ज होने के बाद रात करीब 3 बजे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वीडियो जारी किया। इसमें कहा कि अनवरत रूप से साजिशकर्ता लगे हुए हैं। धाम के लिए कुछ न कुछ उपद्रव करते रहते हैं। देश में फैली सबसे बड़ी जात-पात की बीमारी को खत्म करने में लगे हैं। हम हिंदुओं को एक करने में लगे हैं। किसी ने कुछ कहा है, जिसके बाद बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्यों ने एफआईआर करवाई है।



## मुजफ्फरनगर कांड मामले पर उच्च न्यायालय ने उप्र सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल, 04 अगस्त (वार्ता)** उच्च न्यायालय ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा कांड के मामले पर सोमवार को सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी। राज्य आंदोलनकारी और अधिवक्ता रमन साह की ओर से दायर याचिका पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की पीठ में सुनवाई हुई। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा कि जो छः मामले दर्ज हुए थे वे किस अदालत में चल रहे है। उनकी क्या स्थिति है। जिस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जब से मुकदमे दर्ज हुए उन पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह भी कहा गया कि 30 साल बीतने के बावजूद क्या स्थिति है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। आगे कहा गया कि छह मुकदमों को मुज्जफरनगर में सुनवाई हेतु भेज दिया गया है। तब से इनमें कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## मेरठ में लापता 3 बच्चों के शव मिले, पानी से भरे प्लॉट में खून से लथपथ पड़े थे, क्षेत्र में मची सनसनी

**मेरठ, 4 अगस्त (एजेंसी)।** मेरठ में लापता 3 बच्चों के शव सोमवार सुबह पानी से भरे एक प्लॉट में मिले। दो बच्चों के कान और सिर से खून निकल रहा था। परिजनों का आरोप है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में मेरे बच्चों की हत्या की गई है। फिर उनके शव प्लॉट में फेंक दिए गए। तीनों बच्चे रविवार सुबह घर से खेलने के लिए निकले थे और लापता हो गए। पुलिस का कहना है कि बच्चों की मौत प्लॉट में भरे पानी में डूबने से हुई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला जानी थाना क्षेत्र के सिवालखास कस्बे का है। सिवाल खास में मानवी (9) पुत्र जितेंद्र, ऋतिक (8) पुत्र हिम्मत और शिबू (8) पुत्र मोनू यह तीनों बच्चे कस्बा सिवाल खास वार्ड नंबर-8 के निवासी हैं। रविवार को छुट्टी का दिन था। बच्चे घर के सामने ग्राउंड में खेल रहे थे। तभी खेलते-खेलते अचानक सुबह करीब 11 बजे लापता हो गए। जब बच्चे देर तक घर नहीं लौटे, तो उनके परिवार वाले उनकी तलाश करने लगे। बच्चों का कहीं पता नहीं चला। बच्चों के परिजनों ने जानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।



## इस प्यार को मैं क्या नाम दूं, हाथ बांधे, पेट फाड़ा, तेजाब डाला, पत्नी की खौफनाक साजिश का हुआ खुलासा

**अलीगढ़, 4 अगस्त (एजेंसी)।** आजकल कलयुग में क्या-क्या हो रहा है यह सुनकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। कहीं पति को मार के ड्रम में डंप कर दिया जाता है, तो कहीं नाले में शव को बहा दिया जाता है। अलीगढ़ के थाना छर्रा क्षेत्र के धनसारी गांव में रहने वाले युसूफ खां (28) की हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि युसूफ को बेहद दर्दनाक और सुनियोजित तरीके से मौत के घाट उतारा गया। पहले उसके दोनों हाथ पीछे की ओर बांध दिए गए और इसके बाद किसी धारदार हथियार से पेट पर कई वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या में क्रूरता की सारी हदें पार की गईं। हत्या के बाद शव की पहचान न हो सके, इसलिए अपराधियों ने पूरा शरीर तेजाब से जला दिया। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसका चेहरा तक पहचानना मुश्किल हो गया था। सिर के बाल तक गायब थे और शरीर गलने लगा था। यह सब इसीलिए किया गया, ताकि शव की शिनाख्त न की जा सके। इतना ही नहीं, शव को गांव जखीरा के एक बंद पड़े ईंट-भट्ठे की झाड़ियों में फेंक दिया गया, जहां वह चार दिन तक पड़ा रहा और उसमें कीड़े लग गए।



## सात हजार रुपये को लेकर दो पक्षों के बीच में जमकर मारपीट, पांच गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)।** रविवार को गांव पचैंडा कलां में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच सात हजार रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुआ विवाद सड़क पर ही शुरू हो गया। दोनों पक्षों के लोगों ने सड़क पर पड़ी ईंटों को एक-दूसरे पर फेंका गया, जिसमें कई लोगों को चोटें आई। विवाद को निपटाने के लिए दोनों परिवारों की महिलाएं बीच-बचाव करती देखी गयी। सोमवार को हुई उक्त मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि मामले में एक पक्ष से पंकज, सचिन व दूसरे पक्ष से सनी, अजय, प्रदीप निवासीगण ग्राम पचैंडा कलां को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।




## इस वर्ष 4.60 करोड़ तिरंगा फहराया जायेगा: जयवीर सिंह

**लखनऊ 04 अगस्त, (वार्ता)** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 4.60 करोड़ तिरंगे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 4.60 करोड़ तिरंगे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें विगत वर्षों में उपयोग किए गए लगभग दो करोड़ झंडों को स्मृति चिह्न के रूप में पुनः प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। शेष 2.60 करोड़ तिरंगों का निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है, जिसकी सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली गई हैं।

## बुलंदशहर में पत्नी से प्रताड़ित बैंक कर्मचारी ने की आत्महत्या, तलाक के साथ मांग रही थी 20 लाख

**बुलंदशहर, 4 अगस्त (एजेंसी)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के स्थित एक होटल के कमरे में डिप्टीगंज के रहने वाले बैंक कर्मचारी अंकित गोयल ने आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का आरोप है कि पत्नी की प्रताड़ना और बेवफाई से तंग आकर अंकित ने सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, डिप्टीगंज निवासी अंकित गोयल बैंक ऑफ बड़ौदा में काम करते थे। अंकित की मां रूपा देवी ने सोमवार को वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि उनकी बहू मेधा बेटे अंकित पर लगातार 20 लाख रुपये लेने व तलाक देने का दबाव पर बना रही थी, जिससे आहत होकर बेटे ने 1 अगस्त को आत्महत्या कर ली। इतना ही नहीं अंकित की मौत की सूचना के बाद भी अंतिम संस्कार के शामिल नहीं हुई। अंकित की मां रूपा देवी ने बताया कि 2016 में बेटा अंकित और मेधा दोनों बैंक ऑफ बड़ौदा में एक साथ काम करते थे, जहां दोनों में प्रेम-प्रसंग हो गया था। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया था। शादी के लिए उन्होंने काफी मना किया, लेकिन नहीं माने। इसके बाद 2017 में दोनों ने लव मैरिज कर ली थी। शादी के बाद दोनों का रिश्ता काफी अच्छा चला, लेकिन कुछ ही दिन बाद बहू लगातार बेटे अंकित को टॉर्चर करती रही। बहू को काफी समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं मानी। बहू बार-बार अलग रहने की बात कह रही थी। 1 साल से अंकित से अलग रह रही थी। एक साल दोनों में कोई संबंध नहीं था। बेटे के मरने से पहले रूपा देवी उसे काफी फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने आखिरी फोन से अपनी पत्नी से बात की थी। उन्होंने बेटे ने काफी कोशिश की, लेकिन उसने एक भी बार मुड़कर नहीं देखा। बहू ने कहा था कि सोमवार को उसे तलाक और 20 लाख रुपए चाहिए। बहू को फोन भी किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ।

## वाराणसी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आठ लड़कियां और पांच पुरुष हिरासत में

**वाराणसी, 4 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)-2 ने चितईपुर क्षेत्र में दो अवैध स्पा सेंटरों में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान 8 लड़कियों और 5 पुरुषों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि शहर में अनैतिक कार्यों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने हाल ही में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)-2 का गठन किया था। टीम को सूचना मिली थी कि चितईपुर क्षेत्र में कुछ अवैध स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसके आधार पर एसओजी-2 की टीम ने सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर मौके पर छानबीन की, जहां सूचना सही पाई गई। कार्रवाई करते हुए दोनों अवैध स्पा सेंटरों को सील कर दिया गया है।

## नोएडा में कार के अंदर मिली 2 लाशें, गाड़ी सेंट्रल लॉक थी

**नोएडा, 4 अगस्त (एजेंसी)।** नोएडा में कार के अंदर 2 लाशें मिलने से सनसनी मच गई है। एक की बॉडी अगली और दूसरे की पिछली सीट पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे लोगों ने कार में 2 लोगों को देखा। उनमें कोई हलचल नहीं हो रही थी। आवाज देने पर भी कोई रिस्पांस नहीं आया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना सेक्टर-58 पुलिस मौके पर पहुंची। लॉक तोड़कर दोनों शवों को कार से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जब गाड़ी का दरवाजा खोला, तब कार का एसी ऑन था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने अधिक शराब पी ली थी। तभी दरवाजा सेंट्रल लॉक हो गया और वह खोल नहीं पाए। दम घुटने से उन्होंने अंदर ही दम तोड़ दिया। उनके शरीर पर किसी प्रकार के निशान नहीं मिले हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। रात से कार एक ही स्थान पर खड़ी थी। सोमवार दोपहर को घटना का पता चला। दोनों पड़ोसी हैं। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास सूचना मिली कि कॉर्ल हूबर स्कूल ग्राम खोड़ा के सामने रोड पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजी के पास एक कार खड़ी है। जिसमें दो व्यक्ति दिख रहे हैं। कार अंदर से लॉक है। इनकी पहचान सचिन (27) पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी प्रेम विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद, लक्ष्मी शंकर (50) पुत्र तुकी राम निवासी खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है।

